## राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश
## में दिनांक 28-अगस्त-2015 को
## हिंदी समिति की बैठक, हिंदी संगोष्ठी एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने और सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के लिए केंद्र सरकार के कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी संगोष्ठी एवं हिंदी की कार्यशाला का आयोजन अपेक्षित है।

इस उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2015 की तृतीय तिमाही (01-जुलाई-2015 से 30-सितम्बर-2015) के दौरान दिनांक 28-अगस्त-2015 को कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। समिति की बैठक में ऍन आई सी हि.प्र. एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की समीक्षा की गयी। एवं यह पाया गया, कि राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में सभी अधिकारिऑं एवं कर्मचारिऑं के द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक किया जा रहा है।

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के तत्पश्चात ऍन आई सी हिमाचल प्रदेश कार्यालय में हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें हि.प्र. राज्य केंद्र एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारिऑं एवं कर्मचारिऑं ने भाग लिया। जिला केन्द्रों एवं अन्य कार्यालयों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान सभी अधिकारिऑं एवं कर्मचारिऑं ने राजभाषा हिंदी को कार्यालय के कार्यों में प्रयोग करने एवं बढ़ावा देने हेतु अपने-अपने



विचार रखे, जो कि सभी के लिए अत्यंत उत्साह पूर्ण थे। संगोष्ठी के दौरान श्री विनोद गर्ग जी एवं राजीव कुमार जी का योगदान विशेष रूप से रहा।

हिंदी कार्यशाला के आयोजन हेतु कार्यालय के समस्त अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं से अपने-अपने नाम कार्यशाला के आरम्भ होने से पूर्व सूचित करने का अनुरोध किया गया था, जिन्हें कार्यालय में अथवा अपने कार्यक्षेत्र में हिंदी में कार्य करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई हो रही हो। परन्तु किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी ने अपना नाम नामित नहीं किया एवं सभी ने सूचित किया, कि उनको हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है। इस प्रकार कार्यशाला के दौरान सभी उपस्थित महानुभावों ने विचारों का आदान-प्रदान किया, विचारों के आदान-प्रदान के दौरान मूल विषय अपने-अपने कार्ययालयों में हिंदी का प्रयोग एवं बढ़ावा देना ही रहा। इस प्रकार से विशेष कार्यशाला का आयोजन नहीं किया गया।




इसके उपरांत श्री संजय शर्मा, हिंदी अधिकारी ने राजभाषा विभाग, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का स्मरण करवाया। राजभाषा सम्बंधित समस्त निर्देश सभी अधिकारिओं और कर्मचारिओं के संज्ञान में कार्यालय द्वारा समय-समय पर लाये जाते हैं।

हिंदी संगोष्ठी एवं कार्यशाला में निम्नलिखित अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने भाग लिया।

| **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** | **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अजय सिंह चैहल | 23 | राकेश कुमार |
| 2 | ललित कपूर | 24 | वीरेन्द्र प्रताप गुप्ता |
| 3 | संदीप सूद | 25 | विनोद कुमार गर्ग |
| 4 | विजय कुमार गुप्ता | 26 | भुपिंदर सिंह |
| 5 | संजय कुमार | 27 | भुपिंदर पाठक |
| 6 | संजय शर्मा | 28 | अक्षय मेहता |
| 7 | विमल कुमार शर्मा | 29 | बलवान सिंह |
| 8 | संदीप कुमार | 30 | ब्रिजेन्द्र कुमार डोगरा |
| 9 | शैलेंदर कौशल | 31 | राजीव कुमार |
| 10 | दलजीत सिंह राणा | 32 | अनुज ढांगर |
| 11 | संजीव कुमार गुप्ता | 33 | गुरप्रीत सिंह |
| 12 | आशीष शर्मा | 34 | अखिलेश भारती |
| 13 | सी एल कश्यप | 35 | अश्वनी कुमार |
| 14 | मुकेश कुमार | 36 | पंकज गुप्ता |
| 15 | प्रवीण शर्मा | 37 | दीपक कुमार |
| 16 | सर्वजीत कुमार | 38 | विजय कुमार |
| 17 | वंदना धीमान | 39 | मोहन राकेश अग्रवाल |
| 18 | अमित कन्नोजिआ | 40 | संजीव कुमार कश्यप |
| 19 | पृथ्वी राज नेगी | 41 | संजीव कुमार |
| 20 | स्मृति जैन | 42 | अनुराग गुप्ता |
| 21 | जरनैल सिंह | 43 | शंकर लाल |
| 22 | विनय डोगरा | 44 | हमेंद्र लाल |

हिंदी संगोष्ठी एवं कार्यशाला के दौरान प्रदेश के सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने अपने-अपने विचार रखे, जो कि सभी के लिए अत्यंत उत्साह पूर्ण थे। विचारों की प्रस्तुति के दौरान विशेष बिन्दुओं पर चर्चा भी हुई, और श्री अजय सिंह चैहल, वरिष्ठ तकनिकी निदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन, कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति और सभी

उपस्थित महानुभावों की राय के उपरांत निम्नलिखित सुझावों को कार्यालय में लागू करने अथवा कार्य करने का निर्णय लिया गया।

1. भाषा एवं संस्कृति विभाग हि.प्र. से प्रशासनिक शब्दावली और प्रशासनिक हिंदी सहायिका इत्यादि पुस्तकों को हमारे कार्यालय को उपलब्ध करवाने अथवा खरीद के लिए आग्रह किया जायेगा।
2. इस वित्त वर्ष में कार्यालय में हिंदी की पुस्तकों के खरीद की जाएगी, जिसमें अंग्रेजी से हिंदी शब्दकोष इत्यादि पुस्तकें शामिल होंगी।
3. कार्यालय में हिंदी की शब्दावली का प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर एक नया हिंदी का शब्द एनआईसी-हिप्र के सभी अधिकारिओं और कर्मचारिओं को ई-मेल के द्वारा भेजा जायेगा। इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है, एवं साप्ताहिक सारिणी उपलब्ध करा दी जाएगी।